उपलब्धि

मुंबई मेट्रो-3 कॉरिडोर के फुल टनल लैंथ की पूर्णता पर कार्यक्रम

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक ए. के. गुप्ता और पश्चिम रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने 2 अगस्त, 2019 को मुंबई सेंट्रल स्टेशन परिसर में मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा आजाद मैदान से मुंबई सेंट्रल मेट्रो तक 3.814 किमी लंबी डाउन लाइन टनल ड्राइव की पूर्णता की सफल उपलब्धि पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

दबंग रिपोर्टर | मुंबई

यह उपलब्धि कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो-3 कॉरिडोर के पैकेज 2 की टनल बोरिंग मशीन वैतरणा-1 के जरिये हासिल की गई है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी रविंद्र भाकर की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस मेट्रो लाइन की शुरुआत के बाद मेट्रो-3 कॉरिडोर का मुंबई सेंट्रल मेट्रो स्टेशन पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मेन लाइन और उपनगरीय स्टेशनों के साथ यात्रियों को सीधी और आसान संबद्धता प्रदान करेगा।

मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर क्राउड मैनेजमेंट को लेकर चर्चा



इस अवसर पर महाप्रबंधक गुप्ता द्वारा प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक राज कुमार लाल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर आर. के. मीणा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस संपूर्ण रेल परिसर में भविष्य में बढ़ने वाली यात्रियों की संख्या तथा क्राउड मैनेजमेंट के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया, क्योंकि मुंबई सेंट्रल का मेट्रो स्टेशन शुरु होने के बाद इस परिसर में परिवहन के विभिन्न माध्यमों से यात्रा करने वाले मुंबईकरों की संख्या काफी बढ़ने वाली है।